कोई शुभ काम हो सबसे पहले,
गणेशा को हम सब मनाए।

दोहा सनातम धर्म में जब भी,
कोई शुभ काम होता है,
सर्वप्रथम आदिदेव,
श्री गणेश का ही नाम होता है।

कोई शुभ काम हो सबसे पहले,
गणेशा को हम सब मनाए,
रीती देवों ने इसकी चलाई,
इस रीती को हम सब निभाए,
कोईं शुभ काम हो सबसे पहले,
गणेशा को हम सब मनाए,
कोईं शुभ काम हो सबसे पहले।।

वक्रतुण्ड अंकुश कर धारी,
मूषक की करते सवारी,
लम्बोदर को मोदक है भाए,
भावो से इनको खिलाए,
कोईं शुभ काम हो सबसे पहले,
गणेशा को हम सब मनाए,
कोईं शुभ काम हो सबसे पहले।।

only on bhajan diary
रिद्धि सिद्धि के है ये स्वामी,
शुभ और लाभ दे अंतर्यामी,
विघ्न बाधा हरे गौरीनंदन,
रोली चन्दन जो इनको चढ़ाए,
कोई शुभ काम हो सबसे पहले,
गणेशा को हम सब मनाए,
कोई शुभ काम हो सबसे पहले।।

इनसा दयालु देव ना दूजा,
प्रथम हो जग में इनकी पूजा,
गाए प्रमोद इनकी महिमा,
पद में पंकज भी प्रीत लगाए,
कोई शुभ काम हो सबसे पहले,
गणेशा को हम सब मनाए,
कोई शुभ काम हो सबसे पहले।।

कोई शुभ काम हो सबसे पहले,
गणेशा को हम सब मनाए,
रीती देवों ने इसकी चलाई,
इस रीती को हम सब निभाए,
कोई शुभ काम हो सबसे पहले,
गणेशा को हम सब मनाए,
कोई शुभ काम हो सबसे पहले।।

Singer Pramod Tripathi Ji

Source:
https://www.bharattemples.com/koi-shubh-kam-ho-sabse-pahle-ganesha-ko-hum-s

ab-manaye/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw